
श्री बंशीधर नगर, शनिवार
29.06.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष सप्तमी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 304



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:07 बजे
अस्त - 06:45 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 44 डिग्री से.
न्यूनतम : 32 डिग्री से.

डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | महिला पुलिस ने वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार >> पेज 03 | मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रियों को किया रवाना>> पेज 04

## सुविचार

हमारा भाग्य हमारा भविष्य बताता है, परन्तु हमारा कर्म हमारा भविष्य बनाता है।

## न्यूज अपडेट्स

### भाजपा. हिमंत बिस्व सरमा आज रांची में

रांची। असम के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा अपने एक दिवसीय दौरे पर शनिवार, 29 जून को रांची आयेंगे। मुख्यमंत्री सरमा का दिनभर सांगठनिक कार्यक्रम हैं। वह पार्टी के जनजाति समाज के प्रमुख नेता गण जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत, दुमका से लोकसभा प्रत्याशी रहीं सीता सोरेन, चाईबासा की प्रत्याशी रहीं गीता कोड़ा, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव के आवास पर जाकर मुलाकात करेंगे। वह प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठकों को भी संबोधित करेंगे। हिमंत बिस्वा सरमा देर शाम को रांची से गुवाहाटी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कर्ज से परेशान व्यवसाई ने दुकान में लगाई फांसी

रामगढ़। जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक जैन नामक व्यापारी के रूप में हुई है। वह थाना क्षेत्र के पुराने अशोक सिनेमा के पीछे रउता जाने वाले रास्ते पर दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके ऊपर कर्ज इतना अधिक हो गया था कि वह उसे चुका नहीं पा रहा था, जिसकी वजह से वह लगातार तनाव में भी रह रहा था। उसने अपनी दुकान में ही फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दी है।

**अदालत** पांच महीने बाद जेल से निकले हेमंत, कहा

# मेरे खिलाफ साजिश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट से शुक्रवार को जमानत मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारागार से भी रिहाई हो गई। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत उन्हें जेल भेजा गया था। झूठे और मनगढ़ंत आरोपों में उनको पांच महीने तक जेल में बंद रखा गया। सोरेन ने कहा कि कोर्ट ने आज न्याय किया है। पांच महीने बाद जेल से बाहर आया हूं। मैं इतने दिनों तक जेल में रहा, यह झारखंड के भाई-बहनों के लिए चिंता की बात है। आज पूरा देश जानता है कि मैं क्यों जेल में था। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को आज जेल में डाल दिया जा रहा है। पत्रकारों को जेल भेज दिया जाता है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। मंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय की प्रक्रिया लंबी हो रही है। न्याय होने में दिन-महीनों नहीं, बल्कि साल लग जा रहे हैं और जो लोग अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, उनके काम को बाधित किया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता ने कहा कि मैं अब जेल से बाहर आ चुका हूं। एक बार फिर झारखंड की जनता के बीच में हूं। उन्होंने



कहा कि हमने जो लड़ाई छेड़ी थी। हमने जो संकल्प लिया था, उसको मुकाम तक पहुंचाएंगे। हेमंत सोरेन ने झारखंड हाई कोर्ट के फैसले पर कहा कि यह एक संदेश है। यह पूरे देश के लिए संदेश है कि कैसे मुझे इतने दिनों तक जेल में बंद रखा गया। हेमंत सोरेन ने बार-बार कहा कि उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने अपने आदेश में जो बातें कहीं हैं, पत्रकारों को जरूर पढ़ना चाहिए। उन्हें इस फैसले की समीक्षा करनी चाहिए। साथ ही जनता को इसके बारे में बताना चाहिए। वह खुद अपने मुंह से इस बारे में कुछ नहीं कहेंगे।

हेमंत सोरेन से आगे की रणनीति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि रणनीति बता देंगे, तो फिर आगे काम कैसे होगा। हेमंत सोरेन का काफिला सीधे शिबू सोरेन के घर पर पहुंचा। यहां उनकी मां ने हेमंत सोरेन की आरती उतारी। यह भावुक करने वाला पल था। इसके बाद हेमंत सोरेन पिता से मिलने पहुंचे। पिता से आशीर्वाद लिया और उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दे दी। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की एकल बेंच ने उन्हें रिहा करने का आदेश दिया।

## पांच माह बाद बिरसा कारागार से रिहा हुए हेमंत सोरेन

रांची। धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में 50-50 हजार के दो निजी मुचलके जमा करने पर शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का रिलीज ऑर्डर जारी हुआ। रिलीज ऑर्डर बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारागार भेजा गया। इसके बाद हेमंत सोरेन करीब पांच माह बाद जेल से बाहर आ गए। इससे पूर्व जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय ने आज जमानत दे दी। हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद थे। हेमंत सोरेन के भाई और राज्य सरकार के मंत्री बसंत सोरेन और कुमार सौरव हेमंत सोरेन के जमानतदार बने हैं। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से बाहर निकालने पर झामुमो के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन का फूलमाला से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन सहित पांच आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसके अलावा झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित 10 आरोपितों पर पूरक आरोप पत्र भी बीते दिनों अदालत में दायर हुआ है। मामले में हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार होने वाले आरोपितों में हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो. सद्दाम, मो. अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार शामिल हैं।

## राज्य कैबिनेट. 200 यूनिट बिजली फ्री, राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में 38 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। झारखंड में छठा वेतनमान पा रहे पुनरीक्षित कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने की स्वीकृति दी गई। ड्यूटी के दौरान उग्रवादी हिंसा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों और केंद्रीय सेवा के पुलिसकर्मियों को विशेष मुआवजा दिया जायेगा। मुठभेड़ के दौरान मौत होने पर 60 लाख रुपये और जख्मी होने पर इलाज का संपूर्ण खर्च दिया जाएगा। इसके अलावा शहीद के बच्चों को पढ़ाई के लिए पांच लाख रुपये और शव को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए 50 हजार दिये जायेंगे। रोड एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर 35 लाख और बच्चे की पढ़ाई का सारा खर्च दिया जायेगा। सांप काटने या मलेरिया से मौत पर 35 लाख रुपये तक दिये जायेंगे। उग्रवादी या आतंकवादी हिंसा पर सामान्य नागरिकों की मौत होने पर उनके आश्रितों के अनुग्रह अनुदान और अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में प्रस्तुत गाइडलाइन बनाई गई है। पुराने मामलों में भी इसके तहत निष्पादन किया जायेगा। बीआरपी और सीआरपी के संविदा कर्मियों के मासिक मानदेय के 17,500 से बढ़कर 27,500 बीआरपी के लिए किया गया। बीआरपी एंड ट्रेंड को 26 हजार, सीआरपी प्रशिक्षित को 25,500 और सीआरपी एंड ट्रेंड को 23,900 मिलेगा। मानदेय वृद्धि हर साल तीन प्रतिशत होगी।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली के स्थान पर अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की स्वीकृति दी गई। इसका लाभ 35 से 40 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा।अतिरिक्त प्रतिमाह वित्तीय बोझ 21.7 करोड रुपये आयेगा।

-मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना शुरू की जायेगी। राज्य में अभी 33 लाख 44 हजार से अधिक लोगों को पांच लाख का बीमा कवर दिया जा रहा है। अब इसे बढ़ाकर 15 लाख रुपये तक कर दिया गया है। इसके लिए राशन कार्डधारी होना अनिवार्य है। आयुष्मान योजना से अलग से पांच लाख रुपये का बीमा अलग से मिल रहा है। इसका लाभ 28 लाख लोगों को दिया जा रहा है।

-राज्य में मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन रखरखाव योजना शुरू होगी। स्वास्थ्य उपकेंद्र की रक्षों के लिए दो लाख प्रतिवर्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 50 लाख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 10 लाख रुपये दिये जायेंगे। इसके अलावा जिला अस्पतालों के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया है।

-विश्वविद्यालय के छात्रों के शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए फेलोशिप दी जायेगी। पीएचडी में नामांकन लेने वाले छात्रों को प्रतिमाह 25 हजार दर से राशि दी जायेगी। रिसर्च के लिए पेपर प्रस्तुति करने के लिए प्रोत्साहन राशि सिर्फ 500 यूनिवर्सिटी के रैंकिंग के आधार पर यदि किसी विद्यार्थी का फेलोशिप प्रकाशित होता है तो एक बार विदेश जाने के लिए दो लाख रुपये दिया जायेगा। टॉप यूनिवर्सिटी में अध्ययन के लिए स्कॉलरशिप राशि 100 फीसदी ट्यूशन फीस दी जायेगी। अधिकतम छह लाख रुपये दिये जायेंगे लेकिन इसके लिए परिवार की सालाना में आठ लाख रुपये से नीचे होनी चाहिए।

## 30 जून तक सक्रिय होगा मानूसन

रांची। राज्य में 30 जून तक पूरे झारखंड में मॉनसून के बादल छाने और बारिश होने की उम्मीद है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र बना है। वहीं, एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड व बिहार की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ हफ्ते से कमजोर पड़ा मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में हलचल होने और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के तेजी से बढ़ने के कारण अगले एक-दो दिन में झारखंड में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय हो जायेगा। बारिश होने से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में वज्रपात होने की आशंका जतायी है। इससे जानमाल की क्षति हो सकती है। ऐसे में लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गयी है।

## नीट पेपर लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग से तीन गिरफ्तार

हजारीबाग। नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व जांच एजेंसी ने 27 जून को पटना से दो



लोगों को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को दिनभर एहसान उल हक सहित तीन लोगों से पूछताछ की। सीबीआई तीनों को झारखंड से बिहार ले जा रही है। सीबीआई और पुलिस सूत्रों के मुताबिक तीन मई को कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से प्रश्नपत्र बैंक ले जाने के बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था। इसके बाद यहां से बैंक भेजा गया। ऐसे में शक का दायरा बढ़ता जा रहा है कि प्रश्नपत्र के पैकेट को खोलने का खेल स्कूल में ही हुआ है।

सीबीआई की टीम इस मामले में छह राज्यों में कार्रवाई कर रही है। इसमें बिहार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और यूपी शामिल हैं। सीबीआई पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपितों के आपसी संबंधों की जांच कर रही है ताकि मास्टरमाइंड का पता लगाया जा सके।

**दो छोटे भाइयों की लड़ाई में दादा बना हैवान**

# पोते की छड़ी से पीट पीट कर की हत्या

मेदिनीनगर : पलामू जिले के पांडु थाना क्षेत्र के लवर पांडु में जामुन चुनने को लेकर दो छोटे भाइयों के बीच हुए विवाद में एक मासूम बच्चे अंकित मेहता (8) की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या उसके दादा राजेश्वर मेहता ने की। इस संबंध में मृत बच्चे की मां सुषमा देवी पति सतेंद्र मेहता के फर्द बयान पर मेदिनीनगर शहर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। पांडु पुलिस ने आरोपी दादा को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार दोपहर बच्चे का शव का पोस्टमार्टम



एमआरएमसीएच में किया गया। सुषमा देवी के अनुसार अंकित कुमार मेहता के अलावा उसकी गोतनी का छह वर्ष का बेटा प्रिंस कुमार मेहता पिता मिथिलेश कुमार मेहता गुरुवार की शाम गांव में लुका छुपी खेल रहे थे। इसी क्रम में दोनों अन्य बच्चों के साथ गांव में ही नदी किनारे भगवान यादव के जामुन के पेड़ के नीचे जामुन खाने चले गए। इसी क्रम में प्रिंस और अंकित के बीच जामुन चुनने को लेकर झगड़ा हुआ। प्रिंस ने इसकी शिकायत अपने दादा से की। शिकायत पर दादा राजेश्वर महतो ने बांस की छड़ी से अंकित के पेट में पिटाई कर दी। गंभीर हालत में अंकित घर पहुंचा और पूरी जानकारी परिजनों को दी। जब घटना के बारे में जानकारी देने के लिए अंकित के पिता प्रिंस के घर पहुंचे तो उसकी मां, दादी सहित अन्य लोग उल्टा झगड़ा करने पर उतारू हो गए। इस बीच बच्चे की हालत गंभीर देखकर इलाज के लिए लेकर पांडू स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे। वहां से उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफर कर दिया गया। यहां लाने के बाद अंकित को पुनः एमआरएमसीएच मेदनीनगर बेहतर इलाज के लिए भेज दिया गया। यहां इलाज के दौरान गुरुवार रात मौत हो गई।

# हाइवा ने मोपेड सवार बुजुर्ग दंपति को रौंदा, पांच घंटे बाद हटा जाम

मेदिनीनगर : पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के तेलमरवा घाटी में शुक्रवार की सुबह रमकंडा-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर अज्ञात हाइवा के रौंदने से मोपेड सवार बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए और मुख्य सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे चैनपुर बीडीओ नीतीश भाष्कर और अंचलाधिकारी चन्द्रशेखर कुणाल ने मुआवजा और कार्रवाई का आश्वासन देकर करीब पांच घंटे बाद सड़क से जाम हटवाया। मृत दंपति की पहचान गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के रोहड़ा



गांव निवासी 60 वर्षीय महावीर साव और उनकी पत्नी 55 वर्षीय कौशल्या देवी के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों पति-पत्नी इलाज कराने रांची गये हुए थे। रांची से शुक्रवार की सुबह पांच बजे मोपेड से रमकंडा लौट रहे थे। इसी दौरान तेलमरवा घाटी के पास तेज गति हाइवा ने उन्हें रौंद दिया। घटना में मोपेड के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने क्षत-विक्षत शवों को देखकर इसकी सूचना रामगढ़ पुलिस को दी। बताया जाता है कि बुजुर्ग दंपति ही घर पर रहते थे। परिवार के अन्य सदस्य बेटा-बहू सब छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में रहते हैं। सड़क जाम कर रहे लोगों ने इस रोड पर हाइवा के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस रोड पर आये दिन लगातार हाइवा के तेज गति से चलने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती है। अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है।

# सनकी देवर ने अपनी भाभी व दुधमुहां बच्चे को तलवार से काटा




**बंशीधर न्यूज**

**विश्रामपुर :** पांडू थाने के महुगावां में बुधवार की रात एक सनकी देवर ने अपनी चचेरी भाभी की तलवार से काटकर हत्या कर दी है। जबकि एक दुधमुहां बच्चे को भी तलवार से वार कर घायल कर दिया है।मौके पर पहुंची पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद आरोपी उपेंद्र विश्वकर्मा (27) को हथियार (तलवार) सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पांडू के महुगावां में शंकर विश्वकर्मा के पुत्र उपेंद्र विश्वकर्मा ने आपसी विवाद को लेकर अपनी चचेरी भाभी रेखा देवी को तलवार से काटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह तलवार लिये घर से जब बाहर निकला तो दो लड़कों को भी दौड़ाया लेकिन दोनों किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। इसी बीच वह सनकी युवक ने बिगन साव के दुधमुहे बच्चे पर भी तलवार से वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में उसे विश्रामपुर सीएचसी इलाज के भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच भेज दिया गया। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पांडू पुलिस ने किसी तरह आरोपी युवक को हिरासत में लिया। वहीं घटना में प्रयुक्त तलवार को भी बरामद कर लिया। थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने बताया कि इस सन्दर्भ में मामला दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी उपेंद्र विश्वकर्मा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## न्यूज अपडेट्स

### बालिका उवि के शिक्षक का रमकंडा में प्रतिनियोजन

**श्री बंशीधर नगर :** डीईओ ने अंबालाल पटेल बालिका हाईस्कूल में पोस्टेड भूगोल विषय के शिक्षक प्रकाश चन्द सोनी का डेप्यूटेशन रमकंडा प्रखंड अंतर्गत उदयपुर उत्क्रमित हाईस्कूल में कर दिया है। शिक्षक श्री सोनी का डेप्यूटेशन प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है। जानकारी के अनुसार अंबालाल पटेल बालिका हाईस्कूल की हेडमास्टर ने डीईओ से शिक्षक प्रकाश चन्द सोनी के कार्यकलापों की शिकायत की थी। उक्त शिकायत के आलोक में डीईओ द्वारा गढ़वा की एरिया अफसर रंभा चौबे के नेतृत्व में गठित दो सदस्यीय टीम ने जांच के दौरान हेडमास्टर की शिकायत को सही पाया था। जांच टीम में रमना बीपीओ पूनम श्री भी शामिल थी। टीम द्वारा दिये गये जांच प्रतिवेदन के आधार पर डीईओ ने उक्त कार्रवाई की है। डीईओ ने अंबालाल पटेल बालिका हाईस्कूल की हेडमास्टर को प्रकाश चन्द सोनी को प्रतिनियोजित हाईस्कूल के लिये विरमित करने का आदेश दिया है।

## आरोप ▶ घोटालेबाज को दिखता है हर जगह घोटाला : झामुमो

# सत्येन्द्र अलकतरा घोटाले के मास्टरमाइंड

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने होटल पद्मावती में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर गंभीर आरोप लगाये हैं। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी अपने 10 साल के कार्यकाल में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र और यहां की जनता के लिये नकारा साबित हुये हैं। विकास कार्यों के बजाय वह सत्ता सुख भोगने तथा जनता की गाढ़ी कमाई दोहन करने में मशगूल रहे। सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना तो दूर विधायक निधि के 50 करोड़ की राशि को भी चेक स्लिप के माध्यम से खाने-पकाने का काम किया है। वर्तमान में पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी योजनाओं को लेकर झूठी टिप्पणी तथा मसखरी करते फिर रहे हैं। जबकि विगत दिनों ही माननीय न्यायालय के द्वारा उनकी कंपनी कलावती कंस्ट्रक्शन जिसमें वह निदेशक के पद पर थे उसको अलकतरा घोटाले में दोषी पाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक 1999 से लेकर 2015 तक कलावती कंस्ट्रक्शन के निदेशक रहे थे, 2009 में विधायक बनने के बाद भी वह कंपनी में लाभ के पद पर आसीन रहे। जब उनकी कंपनी पर अलकतरा घोटाला का आरोप लगा और इस मामले में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को जेल जाना पड़ा तो खुद को बचाने के लिये उन्होंने अपने ही रिश्तेदार को कंपनी का निदेशक बनाकर सारा दोष उनपर मढ़ दिया। जो व्यक्ति अपने स्वार्थ में परिवार का नहीं हुआ, 10 साल विधायक रहते हुये क्षेत्र और जनता का नहीं हुआ उससे भविष्य में किसी तरह की उम्मीद करना ही बेकार है। श्री दूबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी 2014 के विधानसभा चुनाव में अलकतरा घोटाला केस से बचने के लिये भाजपा में शामिल हो गये तथा घोटाला का आरोप लगने और दो वर्ष जेल काटने के बाद माननीय न्यायालय में यह हलफनामा देते हैं कि उन्होंने कंपनी के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था। परंतु डेढ़ दशक तक कंपनी के निदेशक पद पर रहने के बाद आरोप लगाते ही क्यों इस्तीफा दे दिये इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दिया। इसके विरुद्ध झामुमो चुनाव आयोग को पत्र लिखकर उन्हें चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि जमीन दलाल, बालू माफिया और अपराधियों से घिरे रहने वाले पूर्व विधायक के कार्यकाल में चिनिया तथा फरठिया मोड़ पर अवैध क्रशर प्लांट संचालित होता था। बेलचांपा आदि घाटों से सैकड़ो की संख्या में बालू ट्रक उत्तर प्रदेश भेजा जाता था। हत्या, लूट और रंगदारी जैसी घटना चरम सीमा पर थी। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दिया जाता था। आज इन सभी घटनाओं पर रोक लगने के कारण पूर्व विधायक के खेमे में बौखलाहट साफ नजर आती है। प्रेसवार्ता में शिक्षा प्रतिनिधि असर्फी राम, गढ़वा प्रमुख फैजूल अंसारी, नवादा मुखिया सुरेंद्र यादव मौजूद थे।

## दो दिवसीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड अंतर्गत हाईस्कूल चितविश्राम के खेल मैदान में शुक्रवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैच का उदघाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे व बीपीओ तहमीना परवीन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन कुल 13 टीमों ने हिस्सा लिया। उदघाटन मैच अंडर 17 हाईस्कूल कधवन और जमुआ के बीच खेला गया। कधवन की टीम ने 4-0 से विजय प्राप्त किया। पहला सेमीफाईनल अंडर 17 वर्षीय बालक वर्ग में हाईस्कूल चितविश्राम और कधवन के बीच खेला गया। जिसमें चितविश्राम की टीम ने 1-0 से विजयी हुई। दूसरा सेमीफाईनल हाईस्कूल नगर ऊंटारी व जतपुरा के बीच खेला गया। जिसमें नगर ऊंटारी की टीम ने 4-0 से विजयी हुई। 29 जून को चितविश्राम व नगर ऊंटारी के बीच खेला जायेगा। अंडर 17 वर्षीय बालिका वर्ग का फाईनल कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी व उच्च विद्यालय पिपरडीह के बीच खेला जायेगा। अंडर 15 बालक वर्ग का फाईनल मैच हाईस्कूल चितविश्राम व पिपरडीह के बीच खेला जायेगा। मैच में रेफरी के रूप में खेल शिक्षक किशोर कुणाल, विजयानन्द तिवारी, कलिंदर पटेल तथा राजकुमार यादव ने निभाया। मैच स्कॉरर की भूमिका शिक्षक अखिलेश प्रसाद, संजय कुमार, अविनाश कुमार ने निभाया। कॉमेंटेटर की भूमिका शिक्षक कमलेश पांडेय ने निभायी।

## गडकरी से मिले वीडी राम, स्वीकृत परियोजनाएं जल्द पूर्ण कराने का आग्रह

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** सांसद विष्णु दयाल राम ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात कर पुनः सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। इसकी जानकारी देते हुये सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने बताया कि सांसद ने मंत्री से क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनाओं को पूर्ण कराने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सांसद श्री राम ने गडकरी से गढ़वा बाईपास निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने, एनएच 39 (75) एवं एनएच 98 सड़क का फोरलेन निर्माण में तेजी लाने, गढ़वा-रंका एनएच 343 पर अन्नराज घाटी में स्वीकृत ब्लैक स्पॉट तथा केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत स्वीकृत सड़कों का जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री ने सड़कों के निर्माण के संबंध में आश्वस्त किया कि आगामी केंद्रीय बजट स्वीकृति के उपरांत उक्त सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

### इन योजनाओं के निर्माण का किया आग्रह

1. हुसैनाबाद में देवरीकला सोन नदी पर पुल निर्माण।
2. भवनाथपुर कैलान से विशुनपुरा वाया बरडीहा तक रोड निर्माण।
3. पंसा से हैदरनगर रोड़ निर्माण।
4. ब्रहमोरिया मोड़ से कजरू कला होते हुए दुर्गा माइंस तक रोड़ निर्माण।
5. विश्रामपुर महुगांई ईटको मोड़ तक रोड़ निर्माण।

## प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में आज लगेगा राजस्व शिविर

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** जिले में राजस्व कार्यों के त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निष्पादन एवं आमजनों की सुविधा के लिये शनिवार को सभी प्रखंड सह अंचल मुख्यालयों में राजस्व शिविर आयोजित किया जायेगा। इसके आलोक में डीसी शेखर जमुआर ने सभी अंचल अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि 29 जून (शनिवार) को अपने मुख्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन करेंगे। इस दौरान राजस्व संबंधित कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमें ऑनलाईन दाखिल-खारिज, उत्तराधिकार नामांतरण से संबंधित वादों का निष्पादन, आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण से संबंधित वादों का निष्पादन, भू-लगान वसूली, सीमांकन से संबंधित वादों का निष्पादन, जमाबंदी अपडेसन, भू-अभिलेख में त्रुटि निराकरण, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र का निष्पादन आदि मामलों का निष्पादन किया जायेगा। डीसी ने सभी अंचल अधिकारी को राजस्व शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करने तथा शिविर में आम जनों से प्राप्त होने वाले आवेदनों को क्रमवार पंजी में संधारित करते हुये उन्हें पावती रसीद निर्गत करने का भी निर्देश दिया है। वहीं सभी प्रखंडों के लिये जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी को अपने आवंटित प्रखंडों में आयोजित होने वाले राजस्व शिविर का पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करने तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं उसके निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन जिला मुख्यालय में साझा करने को कहा गया है।

## आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत मेराल में रोषपूर्ण प्रदर्शन

# भ्रष्टाचार से हर एक प्रदेशवासी हताश : दीपक शर्मा

**बंशीधर न्यूज**



**मेराल :** आजसू पार्टी की ओर से राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर राज्यव्यापी हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मेराल प्रखंड कार्यालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम 11 सूत्री मांग पत्र बीडीओ जागो महतो को सौंपा गया। सौपें गये मांग पत्र में अबुआ आवास में पारदर्शिता लाने, समय पर दाखिल खारिज करने, मनरेगा अंतर्गत सिंचाई, छात्रवृत्ति भुगतान करने, सभी किसानों को खाद बीज आपूर्ति समय पर करने सहित 11 सूत्री मांग पत्र शामिल है। हमीदुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन पार्टी के केंद्रीय सचिव चंपा देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार से हर एक प्रदेशवासी हताश और निराश है। अपने हर छोटे से छोटे काम के लिये लोग सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाने पर मजबूर हैं, सरकारी कार्यालय में बढ़े भ्रष्टाचार के चलते आज बिना पैसे का कोई काम नहीं हो रहा है। इंडिया गठबंधन की सरकार ने झारखंड का छवि बद से बदतर बना दिया है। सुबे के मुख्यमंत्री जेल चले गये, वर्तमान सरकार के भी एक मंत्री 35 करोड़ मिलने के बाद वह भी जेल चले गये, कई और मंत्री इसी रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं, ऐसे में जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह, युवा प्रदेश संयोजक रवींद्रनाथ ठाकुर, महिला जिलाध्यक्ष रीता देवी ने झारखंड सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुये जमकर आलोचना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य रंभा देवी, कुंदन चंद्रवंशी, इश्तियाक रजा, राजन कुमार रवि, साहबान अंसारी, मीना देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, कुसुम देवी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टुर्नामेंट

**बंशीधर न्यूज**

रमना : 63 वीं सुब्रतो कप अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल टुनार्मेंट का दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय आयोजन प्लस टू हाईस्कूल रमना के स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीडीओ बासुदेव राय ने फिता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बच्चों के लिये आवश्यक है। इससे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बीपीओ सुनीता कुजूर ने कहा कि इस दो दिवसीय फुटबॉल टुनार्मेंट में विभिन्न विद्यालयों के बच्चें भाग ले रहे हैं। जिसमें अण्डर-17 बालक व बालिका एवं अण्डर -15 बालक प्रतियोगिता में बच्चें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगें। प्रतियोगिता के पहले दिन अण्डर -17 बालक प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुलका के बच्चें बेहतर प्रदर्शन करते हुये विजेता बनें। वहीं 10+2 उच्च विद्यालय रमना उप विजेता बना। वहीं अण्डर-17 बालिका वर्ग के प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय टंडवा विजेता एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रमना के बालिका उप विजेता बनी। जबकि अण्डर -15 बालक वर्ग के प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय बुलका विजेता एवं उच्च विद्यालय टंडवा के बालक की टीम उप विजेता बना। प्रतियोगिता के बाद बीडीओ व बीपीओ ने संयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम को कप देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंदकिशोर चौबे, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुजूर, विमल पटेल, अपर्णा कुमारी, रवि कुमार, कंचन कुमारी, सरिता कुमारी आदि शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



# झामुमो नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर जतायी खुशी, की आतिशबाजी

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से बेल मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने खुशी जाहिर की है। शहर के बस स्टैंड में पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुये और खुशी में जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान एक दूसरे के अलावे राहगीरों को भी मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि आज सत्य की जीत हुई है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की साजिश को नाकाम करते हुये हेमंत सोरेन को जमानत दी है। जिससे पार्टी कार्यकताओं में काफी हर्ष है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को इस साजिश का जवाब जनता देगी। अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि आज हाईकोर्ट ने भाजपा के कुचक्र को खारिज करते हुये हेमंत सोरेन को जमानत देने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी के लोग विपक्षी नेताओं को गलत तरीके से फंसा कर परेशान करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के इस फैसले से पार्टी कार्यकताओं के साथ आम आवाम में काफी खुशी है। उस मौके पर झामुमो नेता सूर्यदेव मेहता, निर्मल पासवान, अमरनाथ पांडेय, अमर राम, राजकुमार राम, तस्लीम खान, सुदेश्वर राम, श्रवण सिंह, इकबाल खान, मुन्ना खान, आलम, देवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर देख सकेंगे टी-20 वर्ल्ड कप का फाईनल

**मेदिनीनगर :** स्थानीय न्यू टाउन हॉल में शनिवार रात्रि 8 बजे से बड़े स्क्रीन पर टी 20 वर्ल्ड कप 2024 का भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले फाईनल मैच का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। इस मैच का आनंद मेदिनीनगर शहरवासी भरपूर तरीके से उठा सकें इसे लेकर मेदिनीनगर नगर निगम व जिला प्रशासन ने न्यू टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर लाईव मैच देखने की व्यवस्था की है। सभी क्रिकेट फैंस इस मैच को देखने आ सकते हैं और पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 250 पास का भी वितरण किया जायेगा। वहीं 100 रुपये शुल्क पर कॉम्प्लिमेंटरी ड्रिंक्स की भी व्यवस्था रहेगी। इस संबंध में विशेष जानकारी के लिये अनुप के मोबाईल 8789250979 व प्रदीप के मोबाईल 9570073050 पर संपर्क कर सकते हैं।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**लेस्लीगंज :** थाना क्षेत्र के झरकटिया निवाशी द्वारिक पासवान के पुत्र छोटू पासवान उम्र 32 वर्ष बीती रात घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसके बाद परिजनों के द्वारा छोटू को इलाज के लिये लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने छोटू की गंभीर स्थिति को देखते हुये। उसे बेहतर इलाज के लिये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## गढ़वा ▶ पुलिस ने लूट की घटना का किया उद्भेदन

# एक नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा पुलिस ने कल्याणपुर फोरलेन ओवर ब्रिज के समीप हुई लूट की घटना का उद्भेदन किया है। पुलिस ने इस घटना में एक नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो बाईक, मोबाईल सहित एक कैमरा बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों में गढ़वा थाना क्षेत्र के दुबे मरहटिया गांव निवासी राम वशिष्ठ चौहान का पुत्र नीरज चौहान, मेराल थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह का पुत्र नंदन कुमार सिंह उर्फ लक्की, भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली गांव निवासी कलेंद्र प्रजापति का पुत्र विकास कुमार उर्फ बिट्टू के नाम शामिल हैं। वर्तमान में सभी गढ़वा ब्लॉक कॉलोनी में रहते हैं। इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने शुक्रवार को गढ़वा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी। एसपी ने बताया कि गत 28 जून को करीब 9:30 बजे रात्रि में गढ़वा थाना अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर फोर लेन ओवर ब्रिज के समीप एक लूट की घटना घटित हुई थी। जिसमें अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। गठित टीम ने कांड का उद्भेदन की दिशा में कार्रवाई करते हुये लूट कांड में प्रयुक्त पल्सर बाईक जेएच 14 एच 9255, जेएच 03 यू 7679 को बरामद करते हुये कांड में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस कांड में लुटे गये मोबाईल एवं कैमरा की बरामदगी गई है। एसपी ने बताया कि नीरज कुमार चौहान के पास से घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा एवं 315 का एक जिंदा गोली भी बरामद किया गया है। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, चेतन कुमार सिंह, शशि कुमार शर्मा, दीपक कुमार मौर्य, सुबोध बड़ाईक, प्रदीप यादव, मुकेश यादव, सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सिंह, आरक्षी राजेश सिंह, अभय कुमार सिंह, राधा मोहन सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

### प्रो एससी मिश्रा की पुस्तक कोयल की धारा का लोकार्पण आज

**मेदिनीनगर :** गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के अंग्रेजी के पूर्व प्राध्यापक प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा की पुस्तक कोयल की धारा का लोकार्पण शनिवार को होगा। बाईपास रोड स्थित रॉयल जेएमपी कॉम्प्लेक्स में दोपहर ढाई बजे से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी उपस्थित रहेंगे। पर्यावरणविद और जीएलए कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ डीएस श्रीवास्तव समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसी कॉलेज में भौतिक शास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो कमला कांत मिश्र, झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी और मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर कार्यक्रम में बतौर सम्मानित अतिथि उपस्थित रहेंगे। बता दें कि प्रो मिश्रा 29 जून को अपने जीवन के 80 साल पूरे कर रहे हैं। इस पुस्तक में कोयल की धारा के अतिरिक्त बेतला की बानगी, गढ़वा की गढ़देवी और रोहतास गढ़ का रोमांच चार अध्याय हैं। ये सभी आकाशवाणी डालटनगंज से करीब 20 साल पहले प्रसारित रूपक हैं। पुस्तक में इनमें आंशिक बदलाव किया गया है।

## मृतक के परिजनों को मिला दो-दो लाख रुपये का चेक

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** भवनाथपुर टाउनशिप स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक के हाथों शुक्रवार को दो लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। बताते चलें कि मकरी निवासी स्व अशोक विश्वकर्मा की पत्नी प्रतिमा देवी उम्र 40 वर्षीय को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक दिया गया। 20 रुपये का बीमा अशोक विश्वकर्मा द्वारा सीएसपी मकरी के संचालक सुरेश पाल के पास कराया था। अशोक विश्वकर्मा की बाईक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। सीएसपी संचालक सुरेश पाल के प्रयास से नॉमिनी प्रतिमा देवी को दो लाख रुपये का चेक एसबीआई के शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार द्वारा दिया गया। जबकि अरसली दक्षिणी पंचायत के बनखेता निवासी स्व राजकुमार यादव के नॉमिनी नहक यादव को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक शाखा प्रबंधक के द्वारा दिया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार, सहायक मैनेजर फील्ड मैनेजर राजेश मुंडा, सीएसपी संचालक मौजूद थे।

### महिला पुलिस ने वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



**श्री बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी महिला थाना ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी बिहारी कुमार यादव के घर इश्तेहार चिपकाया है। आरोपी का घर रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरवा है। जानकारी देते हुये महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू ने बताया की आरोपी काफी लम्बे समय से फरार चल रहा है। आरोपी पर नगर ऊंटारी महिला थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी बिहारी कुमार यादव पिता संजय कुमार यादव के घर जाकर इश्तेहार चिपकाया है। इस दौरान महिला थाना के जवान के अलावे गश्ती दल के सदस्य मौजूद थे।

### धुरकी के ड्राईवर की छत्तीसगढ़ में मौत

**धुरकी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटिया पंचायत के परासपानी खुर्द गांव निवासी लाखा यादव के 42 वर्षीय पुत्र रमेश यादव की मौत विद्युत करंट की चपेट में आने से हो गई। घटना बुधवार की है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश रायपुर के हैदराबाद में श्री गायत्री इंटरप्राईजेज में कार्यरत थे। जहां कंपनी के अंदर ही उनको करंट लग गई जिससे उसकी मौके हो गई। रमेश कंपनी में मिलर सीमेंट मिक्स करने वाले मशीन का ड्राईवरी करता था, प्रत्येक दिनचर्या के अनुसार वह सीमेंट मिक्स कर काम के बाद गाड़ी को धुलाई कर रहा था। वहीं ऊपर से बिजली तार गुजरा हुआ था, धुलाई करने के दौरान वह जैसे ही गाड़ी से नीचे उतरा वैसे ही विद्युत करंट की चपेट में आ गया। मृतक का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह कनहर नदी के तट पर किया गया। इधर घटना की खबर सुनते ही जिप सदस्य सुनीता कुमारी, पूर्व प्रखंड प्रमुख विनोद कोरवा, मुखिया पति इस्लाम अंसारी, बीडीसी प्रतिनिधि कमलेश कुमार गौड़, रामप्रवेश यादव, अमरेश यादव, हरिनारायण यादव, वदूद खां एवं जनप्रतिनिधि ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बनाया एवं सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

### धुरकी में सुब्रत कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**धुरकी :** प्रखंड में सुब्रत कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता एवं प्रखंड प्रमुख शांति देवी ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय लिखनीधौरा एवं अंडर 17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी धुरकी के बालिकाओं ने बाजी मारी। मौके पर प्रखंड के पंचायत समिति कृष्णा सिंह, अंबाखोरया पंचायत के मुखिया एवं विद्यालय के प्रधान शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विपिन बिहारी गुप्ता ने किया।

## विश्व ओलम्पिक दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# साइकिलिंग रेस में अंजली व रॉकी यादव प्रथम

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** विश्व ओलम्पिक दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के लिये साइकिलिंग रेस तथा कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालिका वर्ग के साइकिलिंग रेस में अंजली कुमारी ने प्रथम, बबली कुमारी ने द्वितीय तथा खुशी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग में रॉकी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में भवनाथपुर डे बोर्डिंग बालिका टीम ने भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय को हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता के सभी सफल प्रतिभागियों के बीच पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह जेएमएम नेता ब्रजेश कुमार सिंह, जिला कबड्डी संघ के अजय कुमार गुप्ता तथा प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल शिक्षक ने पुरस्कार वितरण किया। इससे पहले कबड्डी कोच अजय कुमार गुप्ता ने ओलम्पिक दिवस के महत्व पर युवाओं के बीच विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुये कहा कि आज गेम से खिलाड़ियों को अवसर मिलता है। खिलाड़ी अपने बेहतर खेल की बदौलत देश विदेश पर अपनी पहचान बना रहे हैं। मौके पर चमन सिंह, सोनू ठाकुर, विमलेश कुमार, मुकेश कुमार, बेबी कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सुब्रतो फुटबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन




**केतार :** प्रखंड के लोहिया समता हाईस्कूल केतार के मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल कप टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूनामेंट में अंडर 15 बालक टीम में मध्य विद्यालय केतार, अंडर 17 बालक टीम में प्लस 2 उच्च विद्यालय परसोडीह, अंडर 17 बालिका टीम में लोहिया समता हाईस्कूल केतार विजेता रही। सभी विजेता और उपविजेता टीम को बीडीओ, थाना प्रभारी, बीपीएम, मुखिया ने पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर बीपीएम रवि कुमार वैद्य ने बताया कि उक्त सभी विजेता टीम को आगामी होने वाले जिला स्तर पर खेल में भाग लेने के लिये भेजा जायेगा। मौके पर प्रदीप कुमार टोपनो, गौतम पाल, शिक्षक दीनानाथ मेहता, प्रेम कुमार गुप्ता, नवीन प्रकाश, बसंत कुमार, रामनरेश कुमार, बिनोद पाल आदि मौजूद थे।



## सलमान खान ने शुरू की फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग

सलमान खान की दुनिया भर में फैन फॉलोइंग है। सलमान खान की फिल्म की घोषणा के बाद से ही हर कोई इस बात को लेकर उत्सुक है कि फिल्म कब रिलीज होगी। ऐसे में सभी का ध्यान भाईजान की आने वाली फिल्म पर है। फिल्म सिकंदर को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही सिकंदर की घोषणा हुई थी। बताया जा रहा है कि सिकंदर की शूटिंग आज से शुरू हो गई है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के निमार्ताओं ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की है। इसमें एक मोबाइल फोन नजर आ रहा है। जिसके कवर पेज पर सिकंदर का पोस्टर है। इसमें वह ब्रेसलेट नजर आ रहा है जो सलमान खान हमेशा पहनते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि सलमान खान का ब्लू स्टोन ब्रेसलेट काफी पॉपुलर है। इसमें लिखा है, लाइट...कैमरा और सिकंदर!

सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर का निर्देशन साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए.आर. मुरुगादोस कर रहे हैं। मेकर्स ने कुछ दिन पहले सेट से एक झलक शेयर की है, जिसने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। खबर है कि यह फिल्म अगले साल 2025 में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

## फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की रिकार्ड शुरुआत




इस साल की बहुप्रतीक्षित और बिग बजट फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, दुलकर सलमान, कमल हासन जैसी दमदार स्टारकास्ट वाली इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी उत्साहित थे। 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के पहले दिन ही इतिहास रच दिया है। नाग अश्विन की साइंस फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' गुरुवार (27 जून) को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म का दर्शकों के बीच इतना क्रेज था कि इसे पहले दिन जबरदस्त एडवांस बुकिंग मिली थी। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर ओपनिंग ली है। 'कल्कि 2898 एडी' 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्म थी और फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आखिरकार फि ल्म रिलीज हुई और इसे दर्शकों से बढ़िया रिस्पॉन्स मिला है। 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के पहले दिन ही इतिहास रच दिया है। सैक्निल्क की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के पहले दिन 95 करोड़ रुपये की जबरदस्त ओपनिंग की है। इसमें से तेलुगु में 64.5 करोड़ रुपये, हिंदी में 24 करोड़ रुपये, मलयालम में 2.2 करोड़ रुपये, तमिल में 4 करोड़ रुपये और कन्नड़ में 30 लाख रुपये की कमाई की है। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 180 करोड़ रुपये की कमाई की है।

## उपराज्यपाल सिन्हा ने अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को जम्मू



# नीट पर भारी हंगामा, खड़गे वेल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को विपक्ष ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के कथित पेपर लीक विवाद पर चर्चा की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।



विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में नीट का मुद्दा उठाया और कथित पेपर लीक पर चर्चा के लिए दबाव डाला। इस दौरान खड़गे वेल में आ गये।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के नेता के राज्यसभा के वेल में आने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय संसद के इतिहास में इतना दागदार हो गया है कि विपक्ष के नेता स्वयं वेल में आये हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। मैं पीड़ित और अचंभित हूं कि आज संसद की परंपरा इतनी गिर जाएगी, प्रतिपक्ष के नेता वेल में आयेंगे।

राज्यसभा के विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बाद में सदन के बाहर कहा कि हम नीट घोटाले पर नियम 267 के तहत सदन में चर्चा कर के इससे पीड़ित लाखों युवाओं की आवाज उठाना चाहते थे। इसलिए लोगों की समस्या पर ध्यान आकर्षित करने के लिए हमने एक विशेष चर्चा के लिए कहा। हम किसी को परेशान नहीं करना चाहते थे। हम केवल छात्रों के मुद्दों को उठाना चाहते थे लेकिन उन्होंने इसका मौका नहीं दिया, इस पर ध्यान ही नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि राज्य सभा के सभापति से मैं ये कहूंगा कि विपक्ष के प्रति उनका आज का सौतेला व्यवहार भारतीय संसद के इतिहास में दागदार हो गया है। सभापति केवल सत्ता पक्ष की ओर देख रहे थे। मैंने उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए 10 मिनट तक हाथ उठाया, खड़ा हुआ, संसदीय गरिमा और नियमों का पालन किया, फि र भी उन्होंने सदन में विपक्ष के नेता की ओर नहीं देखा। जब नेता विपक्ष नियमानुसार उनका ध्यान आकर्षित करता है, तो उन्हें उसकी ओर देखना चाहिए लेकिन इसके बजाय उन्होंने मुझे अपमानित करने के लिए जानबूझकर मुझे नजरअंदाज कर दिया, मुझे या तो अंदर जाना होगा या बहुत जोर से चिल्लाना होगा। इसलिए मैं निश्चित रूप से कहूंगा कि यह सभापति की गलती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि आज राज्यसभा में आई.एन.डी.आई.ए सांसदों ने नीट और नेट घोटाले पर तत्काल चर्चा के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिया। हालांकि चर्चा की अनुमति नहीं दी गई, जिससे उच्च सदन में हंगामा शुरू हो गया।

### सरकार सदन में नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** संसद में विपक्षी सांसदों के राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन सब कुछ परंपरा और मयार्दा के भीतर होना चाहिए। प्रधान ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब कल राष्ट्रपति ने स्वयं अपने भाषण में परीक्षा के बारे में बात की तो इससे सरकार की मंशा का पता चलता है कि हम किसी भी मुद्दे का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी देश के युवाओं और देश के छात्रों के प्रति है। सरकार अपना पक्ष रखने के लिए तैयार है, फिर भ्रम क्या है? उन्होंने कहा कि नीट मामले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है। किसी को नहीं बख्शा जाएगा। सीबीआई ने नीट पेपर लीक से जुड़े आरोपितों की गिरफ्तारी भी शुरू कर दी है। सरकार किसी को छोड़ने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि एनटीए में सुधार के लिए एक विश्वसनीय उच्च स्तरीय समिति भी बनाई गई है, जल्द ही उन सभी परीक्षाओं की तारीख भी घोषित की जाएगी। मैं विपक्ष से भी अनुरोध करता हूं कि वे राजनीति से बाहर आएं और चर्चा में शामिल हों।

### सड़क व संसद का अंतर समझे विपक्ष : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष ओम




बिरला ने शुक्रवार को संसद की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित करने से पूर्व हंगामा कर रहे राजनीतिक दलों को कड़ी नसीहत दी। इसके साथ ही उन्होंने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में मदद करने का भी अनुरोध किया। ओम बिरला ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, आप अपनी जो भी बात रखना चाहते हैं, उसके लिए आपको अवसर दिया जाएगा। पर यहां साफ दिख रहा है कि आप योजनाबद्ध तरीके (प्लांड वे) में संसद की कार्यवाही को चलने नहीं देना चाहते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि चुनावों के बाद यह संसद का पहला सत्र है। लोग आपके कार्यकलाप देख रहे हैं। जनता ने आपको इसलिए चुनकर भेजा है ताकि आपकी उनकी बात यहां रख सकें लेकिन आप जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे लगता है कि आप सड़क और संसद के बीच का अंतर नहीं समझते हैं। ओम बिरला ने कहा कि संसदीय व्यवस्था और परम्परा के अनुसार राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केवल उस पर धन्यवाद प्रस्ताव पर ही चर्चा हो सकती है।

**Hit लिस्ट**

### देश में 48 घंटे में मानसून के पहुंचने का पूर्वानुमान

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले



48 घंटे में सारे देश में मानसून के पहुंचने का पूवार्नुमान जारी किया है। साथ ही चार-पांच दिन तक उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में भारी वर्षा होने के संकेत दिए हैं। पूवार्नुमान में कहा गया है कि पूर्वोत्तर भारत के ज्यादातर क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होगी। विभागीय विज्ञानियों ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों छोड़कर पूरे देश में पहुंच चुका है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर के अलावा कल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश हुई है। दक्षिण के राज्यों में तो पहले से ही बरसात हो रही है।

### यूजीसी नेट की परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विभिन्न परीक्षाओं के लिए नई परीक्षा तिथि का ऐलान कर दिया है। इसके तहत सीएसआईआर-नेट, यूजीसी-नेट और एनसीईटी की परीक्षा कराई जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
UGC - NET

आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) में इस बार कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। इससे पहले यह परीक्षा पेन और पेपर आधारित होता थी। एनटीए की ओर से जारी बयान के मुताबिक यूजीसी नेट की परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित होगी जबकि सीएसआईआर-नेट की परीक्षा 25 जुलाई से 27 जुलाई के बीच संपन्न होगी। वहीं, एनसीईटी की परीक्षा 21 जुलाई को कराई जाएगी।

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, कहा**

# नीट खत्म कर पुरानी व्यवस्था बहाल करे सरकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर नीट खत्म कर पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। बनर्जी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी यानी नीट) खत्म कर राज्य सरकार द्वारा परीक्षा आयोजित करने की पिछली प्रणाली को बहाल करने का आग्रह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा प्रणाली में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। पत्र में उन्होंने लिखा, पेपर लीक, कुछ लोगों और परीक्षाओं के संचालन में शामिल अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने, कुछ छात्रों को परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम चालू करने, ग्रेस मार्क्स



आदि के आरोप जो गंभीर मुद्दे हैं, जिन पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है। इनकी गहन, स्वच्छ और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। ऐसी घटनाएं लाखों छात्रों के करियर और आकांक्षाओं को खतरे में डालती हैं जो इन मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने की उम्मीद करते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से पिछली प्रणाली को बहाल करने का आग्रह किया, जिसके तहत राज्यों को अपनी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने की अनुमति थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) को बदल दिया गया ताकि राज्य सरकारों की किसी भी तरह की भागीदारी के बिना देश में चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सभी प्रवेशों पर पूर्ण नियंत्रण किया जा सके। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और देश के संघीय ढांचे की सच्ची भावना का उल्लंघन करता है।

## एक कारखाने में धमाका, 6 लोगों की मौत, 15 घायल

**हैदराबाद।** रंगारेड्डी जिले के शादनगर की साउथ ग्लास फैक्टरी में शुक्रवार को कंप्रेसर फटने से 6 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। इसकी आधिकारिक पुष्टि कुछ देर पहले हुई है। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। कांच फैक्टरी में कंप्रेशर फटने से हुए भीषण विस्फोट में 6 लोगों की मौत हो गई और करीब 15 लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर



इलाज के लिए उस्मानिया और गांधी अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों में अधिकतर ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार विस्फोट के समय 150 से अधिक मजदूर फैक्टरी में मौजूद थे। कांच उद्योग होने के कारण शवों में कांच के टुकड़े पाए गए। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने का अंदेशा है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)